अल्मोड़ा के अभिषेक दक्षिण कोरिया में करेंगे शोध

जासं, रुद्रपुर : जीबी पंत विवि में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक के छात्र अभिषेक जोशी का दक्षिण कोरिया में स्थित सुंगक्यूंकवान विवि में शोध करने के लिए पीएचडी में चयन हुआ है। यह दुनिया के शीर्ष सौ विश्वविद्यालयों में शामिल है। अभिषेक को हर माह 70 हजार की फैलोशिप और पूरी शिक्षा निश्शुल्क मिलेगी। गुणवत्तापूर्ण शोध के आधार पर उनका चयन हुआ है। वह शोध में ऑप्टिकल फाइबर तकनीक की मदद से घातक बीमारियों का पता लगाने पर काम कर रहें हैं। अभिषेक अल्मोड़ा के ग्रामखेरदा के रहने वाले हैं। माता-पिता के साथ ही एडवाइज़र एवं रिसर्च गाइड डा. संजय माथुर, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डा. अलकनंदा अशोक, कुविवि में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डा. नंदा गोपाल साहू के साथ ही पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के प्रोफेसरों के सहयोग से यह उपलब्धि मिली है।

डा. संजय माथुर विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मेधावी अभिषेक (दाएं) • जागरण